प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 14.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर आज रांची में निकाली गयी तिरंगा यात्रा, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत कई भाजपा नेता हुए शामिल, आतंकवाद के खिलाफ दिखायी एकजुटता।।
2. कांग्रेस ने भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण करने का लगाया आरोप, रक्षा राज्यमंत्री ने किया पलटवार, कहा– विपक्ष को जनता पर भी भरोसा नहीं।
3. न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई बने भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने एक विशेष समारोह में दिलायी शपथ।
4. पश्चिमी सिंहभूम में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत, हजारीबाग में पुल से नीचे गिरा चारपहिया वाहन, दो की गयी जान।
   और
5. खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छह स्वर्ण और पांच रजत पदक के साथ झारखंड तालिका में 13वें स्थान पर, बालक फुटबॉल टीम की आज ओडिसा के साथ खिताबी भिड़ंत।

********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्यारह दिनों का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया गया है। इस कड़ी में आज रांची में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। तिरंगा यात्रा जिला स्कूल के शहीद मैदान से शुरु हुई और लालपुर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल तक गयी। इस दौरान आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। मौके पर स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भाजपा देश और सैनिकों के सम्मान के लिए तत्पर है।

********************

विपक्ष ने भाजपा पर तिरंगा यात्रा के बहाने ऑपरेशन सिंदूर प्रकरण का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री हमेशा चुनाव मोड में ही रहते हैं।

********************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या हम अपनी पराक्रमी सेना को सलाम भी नहीं कर सकते।

********************

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में न्यायमूर्ति गवई को पद की शपथ दिलाई।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है, जिनका कल कार्यकाल समाप्त हो गया था।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, डॉ. कुमार का कार्यकाल उस दिन शुरू होगा, जब वह आयोग के अध्यक्ष के रूप में पद ग्रहण करेंगे। डॉ. कुमार एक सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं, जो केरल कैडर के 1985 बैच के हैं। उन्होंने पूर्व में अगस्त 2019 से अक्टूबर 2022 तक रक्षा सचिव के रूप में कार्य किया था।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने टीबी यानी क्षय रोग उन्मूलन की भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट करते हुए प्रभावी रणनीतियों पर बल दिया है। उन्होंने तपेदिक की शीघ्र पहचान और सफल उपचार की दिशा में पिछले वर्ष हुई प्रगति की सराहना की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिक संक्रमण वाले जिलों में हाल में संपन्न सौ दिन के टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत चाईबासा –चक्रधरपुर एनएच 75 पर एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा बाईहातु के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर खड़े एक ट्रक पर यात्रियों से भरी गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। उधर, हजारीबाग के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर पुल से एक चार पहिया वाहन नीचे गिर गया। वाहन में चार लोग सवार थे। जिनमें दो लोगों की मौत हो गयी। एक शव निकाला जा चुका है जबकि दूसरे शव को निकालने के लिए गोताखोरों की मदद ली जा रही है।

********************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक––सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर लगभग आधे प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 351 अंक बढ़कर 81 हजार 499 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 131 अंक चढ़कर 24 हजार 709 पर पहुंच गया।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 87 हजार 6 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

दुमका का विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला महोत्सव 11 जुलाई से आरंभ हो रहा है। इसकी प्रशासनिक तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं।

********************

मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने कल दोपहर के बाद राज्य के पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में मौसम में बदलाव की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान कहीं–कहीं गर्जन, हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।

********************

बिहार में, खेलो इंडिया यूथ गेम्स का समापन कल हो जाएगा। चार मई से शुरू हुए इन खेलों का आज ग्यारहवां दिन है। एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, जिम्नास्टिक, तलवारबाजी और कुश्ती सहित विभिन्न खेलों में 45 स्वर्ण पदक दांव पर हैं। झारखंड छह स्वर्ण और पांच रजत सहित 16 पदकों के साथ तालिका में 13वें स्थान पर है।

********************